निविदा सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 नवम्बर, 2026 से दिनांक 20 नवम्बर, 2026 तक राज्य स्तरीय 74–वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2026 का आयोजित किया जा रहा है। जिसके सफल संचालन हेतु निम्नलिखित तालिका के अनुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है।

कार्य का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि व समय	निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय	निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि व समय	निविदा धरोहर धनराशि
1	2	3	4	5	6
मंच व पांडाल में किये जाने वाले कार्यों का विवरण– 1–मेला मैदान में निर्धारित स्थल पर जर्मन हैंगर (माप–60×30 मीटर) स्थापित किया जाना। 2– मुख्य मंच/स्टेज पर 04 फीट के प्लेटफॉर्म सहित P4 विशिष्टता वाली L.E.D. Screen (माप–40×14 फीट) लगाया जाना है, उक्त L.E.D Screen के दोनों तरफ P4 विशिष्टता वाले L.E.D. Side Wings माप–14×02 फीट। स्वीकृत डिजाईन के 02 फ्लैक्स स्टैण्ड/फ्रेम सहित (माप–15×15 फीट)। 3- High Quality Matte finish Black Masking at Back of L.E.D. Wall/L.E.D. wings covering fully the backside of hanger. 4- Complete Stage एवं पाण्डाल Decoration मेला समिति द्वारा प्रदत निर्देशों/स्वीकृत थीम/डिजायन के अनुरूप। 5– मुख्य मंच तथा पांडाल के अन्दर पूर्णतः नयी मैटिंग बिछाया जाना। 6– मुख्य मंच हेतु उच्च गुणवत्ता वाली लाल गद्दी युक्त प्लास्टिक की 25 कुर्सियां एवं ग्लास–टॉप युक्त 05 सेन्टर टेबिलें। 7– पांडाल में वी0आई0पी0 दर्शक–दीर्घा हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त 50 सोफे (टू–सीटर) एवं 06 सेन्टर टेबिलें। 8–दर्शक–दीर्घा हेतु प्लास्टिक की 1500 कुर्सियां। 9–मंच के पीछे कलाकारों के लिये गरिमा के अनुरूप 02 ग्रीन रूम/चेन्जिंग रूम (माप–25×25 फीट) तैयार करना। 10– मंच/स्टेज/पाण्डाल व साउण्ड सिस्टमों/लाईटिंग सिस्टमों इत्यादि हेतु विद्युत आपूर्ति हेतु 64–के0वी0 के 02 (दो) जनरेटर ईंधन सहित। 11– पाण्डाल के बाहर दोनों तरफ के लिऐ कुल 02 P4 विशिष्टता वाले L.E.D. Screen (माप–16×10 फीट)। 12– अन्य समस्त कार्य जो मेला समिति द्वारा सौंपे जायेंगे।	रू. 2000.00	13.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 23.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक मेलाधिकारी/तहसील कार्यालय कर्णप्रयाग से प्राप्त किये जा सकते हैं।	दिनांक 23.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 23.10.2026 अपराहन 1:00 बजे तक मेलाधिकारी कार्यालय में स्थापित निविदा बॉक्स में डाले जा सकते हैं।	दिनांक 23.10.2026 को अपराहन 02:00 बजे को निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी।	₹ 75,000.00 (पिचहत्तर हजार रूपये मात्र) निविदाओं के साथ वॉछित धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0 या डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) अथवा डाकघर पासबुक जो कि उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/ मेलाधिकारी गौचर मेला–2026 के पक्ष में बन्धक रखते हुए मूल रूप में संलग्न करना आवश्यक है।

निविदाताओं द्वारा नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। मेला समिति/अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। उक्त कार्य के समस्त विवरण एवं शर्तें निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही निविदा की शर्तो व अन्य जानकारी गौचर मेला–2026 की अधिकारिक बेवसाइट website- gauchermela.in से प्राप्त की जा सकती है।

(अलकेश नौडियाल)
मेलाधिकारी गौचर/उप जिलाधिकारी,
कर्णप्रयाग।

उप जिलाधिकारी/
मेलाधिकारी
गौचर कर्णप्रयाग

कार्यालय उपजिलाधिकारी, कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला–2026

E-Mail Id- gaucharmela@gmail.com, sdmkpg@gmail.com website- gauchermela.in Cont. No-01363244209

पत्रांकः– 29/ना0ना0/74–वॉ गौचर मेला/स्टेज पाण्डाल निविदा/2026–27 दिनांक 12 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रभारी अधिकारी नजारत, जिला कार्यालय चमोली, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी चमोली, समस्त उप जिलाधिकारी कार्यालय/तहसील कार्यालय जनपद चमोली, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चमोली, समस्त खण्ड़ विकास अधिकारी कार्यालय जनपद चमोली, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत जनपद चमोली, को नोटिस बोर्ड पर उक्त निविदा आमत्रंण सूचना चस्पा किये जाने हेतु ।
2. जिला सूचना अधिकारी चमोली गोपेश्वर को इस आशय से प्रेषित कि निविदा सम्बन्धी सूचना का व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
3. सम्पादक, दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि निविदा सूचना को प्रादेशिक संस्करण में न्यूनतम आकार में न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित करते हुए जिला सूचना अधिकारी से बिल सत्यापित करवाते हुए भुगतान हेतु दो प्रतियों में अखबार की कटिंग सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

मेलाधिकारी गौचर/उप जिलाधिकारी,
कर्णप्रयाग।

उप जिलाधिकारी/
मेलाधिकारी
गौचर कर्णप्रयाग

राज्य स्तरीय 74–वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2026 में मेला मैदान में स्टेज/मंच निर्माण, तथा फर्नीचर, मैंटिंग व तत्सम्बन्धी साज–सज्जा इत्यादि कार्य हेतु तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा हेतु निर्धारित शर्तें तथा कराये जाने वाले कार्यो का विवरण।

दिनांक 14 नवम्बर, 2026 से दिनांक 20 नवम्बर, 2026 तक राज्य स्तरीय 74–वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला, 2026 स्थान गौचर मे आयोजित किया जाना है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के लिए निम्न आवश्यक व्यवस्थाऐं एवं कार्य सफल बोलीदाता द्वारा पूर्ण किये जाने हैं।

मंच व पांडाल में किये जाने वाले कार्यों का विवरण–

1–मेला मैदान में निर्धारित स्थल पर जर्मन हैंगर (माप–60×30 मीटर) स्थापित किया जाना।

2– मुख्य मंच/स्टेज पर 04 फीट के प्लेटफॉर्म सहित P4 विशिष्टता वाली L.E.D. Screen (माप–40×14 फीट) लगाया जाना है, उक्त L.E.D Screen के दोनों तरफ P4 विशिष्टता वाले L.E.D. Side Wings माप–14×02 फीट। स्वीकृत डिजाईन के 02 फ्लैक्स स्टैण्ड/फ्रेम सहित (माप–15×15 फीट)।

3- High Quality Matte finish Black Masking at Back of L.E.D. Wall/L.E.D. wings covering fully the backside of hanger.

4- Complete Stage एवं पाण्डाल Decoration मेला समिति द्वारा प्रदत निर्देशों/स्वीकृत थीम/डिजायन के अनुरूप।

5– मुख्य मंच तथा पांडाल के अन्दर पूर्णतः नयी मैंटिंग बिछाया जाना।

6– मुख्य मंच हेतु उच्च गुणवत्ता वाली लाल गद्दी युक्त प्लास्टिक की 25 कुर्सियां एवं ग्लास–टॉप युक्त 05 सेन्टर टेबिलें।

7– पांडाल में वी0आई0पी0 दर्शक–दीर्घा हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त 50 सोफे (टू–सीटर) एवं 06 सेन्टर टेबिलें।

8–दर्शक–दीर्घा हेतु प्लास्टिक की 1500 कुर्सियां।

9–मंच के पीछे कलाकारों के लिये गरिमा के अनुरूप 02 ग्रीन रूम/चेंन्जिंग रूम (माप–25×25 फीट) तैयार करना।

10– मंच/स्टेज/पाण्डाल व साउण्ड सिस्टमों/लाईटिंग सिस्टमों इत्यादि हेतु विद्युत आपूर्ति हेतु 64–के0वी0 के 02 (दो) जनरेटर ईंधन सहित।

11– पाण्डाल के बाहर दोनों तरफ के लिऐ कुल 02 P4 विशिष्टता वाले L.E.D. Screen (माप–16×10 फीट)।

12– अन्य समस्त कार्य जो मेला समिति द्वारा सौंपे जायेंगे।

जिस हेतु तकनीकी निविदा एंव वित्तीय निविदा की शर्तों तथा कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

तकनीकी निविदा हेतु अनिवार्य शर्तें –

1. निविदादाता का विगत 03 वित्तीय वर्षों (2023–24, 2024–25, 2025–26) का कम से कम किसी एक वर्ष का वार्षिक टर्नओवर धनराशि रू0 50,00,000.00 (पचास लाख रूपये मात्र) अथवा उससे अधिक होना आवश्यक है। जिसके लिये इस आशय का अभिलेख संलग्न करना आवश्यक होगा।
2. निविदादाता/फर्म को तकनीकी निविदा के साथ कालम संख्या–06 के अनुसार धरोहर राशि किसी एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0 या डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) अथवा डाकघर पासबुक जो *उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला–2026* के पक्ष में बन्धक हो, को **मूल रूप** में जमा करना होगा। धरोहर धनराशि सम्बन्धी दस्तावेज संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
3. विगत तीन वित्तीय वर्षों (2023–24, 2024–25, 2025–26) की **ऑडिटेड बैलेंस सीट** (पाण्डाल/टैंट कार्य सम्बन्धी) की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
4. जी0एस0टी0 की रिटर्न दाखिल किये जाने के सम्बंध में रिटर्न की अद्यतन प्रति उपलब्ध करानी होगी।
5. निविदादाता को पिछले 05 वर्षो में किसी एक वर्ष में इस प्रकृति के कम से कम एक कार्य को कराने का अनुभव हो। जिसकी लागत रू0 10,00,000.00 (दस लाख रूपये मात्र) से कम न हो। जिसके लिये इस आशय का अभिलेख संलग्न करना आवश्यक होगा।
6. राज्य स्तरीय राजकीय मेले आयोजित कराने के कम से कम 03 अनुभव प्रमाण–पत्र/कार्यादेश की प्रति उपलब्ध करानी होगी। ऐसे कार्य को सफलतापूर्वक आयोजित कराये जाने के फोटोग्राफ/ वीडियोग्राफ समिति के समक्ष दिखाया जाना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को तकनीकी निविदा के साथ विगत तीन वित्तीय वर्षों (2023–24, 2024–25, 2025–26) की आयकर विवरणी (आई0टी0आर0), जो कि आयकर विभाग में जमा होनी चाहिये, की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।

उप जिलाधिकारी/
मेलाधिकारी
गौचर कर्णप्रयाग

8. निविदादाता को जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, बैंक का नाम तथा खाता संख्या, आई0एफ0एस0 सी0 कोड तथा फर्म का आयकर पंजीकरण नम्बर, यदि व्यक्तिगत हो तो, फर्म के साथ साझेदारी/ प्रोपराइटर निविदा की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

9. निविदादाता/फर्म को भारत में किसी भी राज्य में Black Listed नहीं किया गया हो, इस आशय का **शपथ पत्र** धनराशि रू0 100.00 (रू0 सौ) के नॉन–ज्युडिशियल स्टॉम्प पेपर पर दाखिल करना होगा।

10. जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी द्वारा निर्गत नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11. तकनीकी निविदा (प्रारूप–1) एवं वित्तीय निविदा (प्रारूप–2) निर्धारित प्रारूपों पर प्रस्तुत करते हुए शर्तो में उल्लिखित दस्तावेज/अभिलेख पृथक–पृथक लिफाफों में बन्द कर जमा करना अनिवार्य होगा तथा तकनीकी निविदा से सम्बन्धित लिफाफे के बाहर "**तकनीकी निविदा**" तथा वित्तीय निविदा से सम्बन्धित लिफाफे के बाहर "**वित्तीय निविदा**" अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

अन्य आवश्यक कार्य व शर्तें –

1. मेला मैदान में मंच व पांडाल में किये जाने वाले कार्यों हेतु वित्तीय निविदा के प्रारूप–02 में अंकित कार्यों की मदवार धनराशि का कुल योग, जिस निविदा दाता का न्यूनतम पाया जायेगा, उस न्यूनतम निविदा दाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा के साथ निविदादाता को अपना नाम, पता, व्यापार का स्थान, दूरभाष नम्बर, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आदि दर्ज करना आवश्यक होगा।
3. निविदा आमंत्रण आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क धनराशि रू0 2,000.00 जमा करके प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.10.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 23.10.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 23.10.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक इसी कार्यालय में स्थापित निविदा बॉक्स में डाले जा सकते हैं। निविदा उसी दिन दिनांक 23.10.2026 को अपराह्न 02:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। अहस्ताक्षरित/अपूर्ण निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा स्वीकार की जायेगी। वित्तीय निविदा में न्यूनतम धनराशि अंकित करने वाले निविदादाता को सफल घोषित किया जायेगा।
5. सफल निविदादाता, जिसके पक्ष में संविदा की गयी हो, के द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि रू0 2,50,000.00 (दो लाख पचास हजार रूपये मात्र) को किसी एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0 या डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) अथवा डाकघर पासबुक जो उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/ मेलाधिकारी गौचर मेला–2026 के पक्ष में बन्धक हो, को **मूल रूप** में जमा करना होगा।
6. निविदादाता को मेले सम्बन्धी समस्त कार्य स्वयं करने होगें। किसी भी दशा में कार्यो को Sublet नहीं किया जायेगा।
7. निविदा स्वीकृत होने की दशा में निविदादाता द्वारा सामान की उपलब्धता साबित करने के लिए अपने गोदाम का स्टॉक बैरिफिकेशन कराना होगा।
8. हैंगर को पूर्णतः वाटरप्रूफ एवं Fire Retardent होना अनिवार्य है।
9. वित्तीय निविदा उल्लिखित विभिन्न कार्यों की दरें सभी प्रकार के कर, लाईसेन्स, मजदूरी, ढुलाई, लोडिंग/अनलोडिंग आदि सहित दी जायेगी। निर्धारित स्थान पर सामग्री पहुँचाने के लिये किसी भी प्रकार का कोई अतिरिक्त व्यय अनुमन्य नहीं होगा।
10. वित्तीय निविदा में धनराशि का अंकन जी0एस0टी0 सहित शब्दों एवं अंकों दोनों में करना अनिवार्य है। यदि इसमें कोई अन्तर आता है तो शब्दों में लिखी गयी धनराशि को ही अन्तिम माना जायेगा।
11. निविदादाता को ***निर्धारित मानक व विशिष्टताओं*** के अनुसार ही कार्य करना होगा। यदि कार्य मानक व विशिष्टताओं के अनुसार नहीं किया गया तो ऐसी दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही संस्थित की जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा।
12. **अस्पष्ट, ओवर राईटिंग, बिना हस्ताक्षर वाली तथा अपूर्ण निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।**
13. निर्धारित शर्तों का पालन न करने की दशा में तथा किसी भी सूचना को छिपाये जाने की दशा में निविदा को किसी भी समय निरस्त कर, धरोहर राशि को जब्त कर लिया जायेगा।
14. उपर्युक्त निविदा की शर्तों के विषय में किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में जिलाधिकारी, चमोली/मेलाध्यक्ष गौचर मेला–2026 का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।
15. निविदा की कार्यवाही पूर्ण होने पर सफल निविदादाता को छोड़कर शेष निविदादाताओं को धरोहर राशि वापस कर दी जायेगी।

उपजिलाधिकारी/
मेलाधिकारी
गौचर, कर्णप्रयाग

16. नियमानुसार किसी भी फर्म आदि की निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् धनराशि रू0 100.00 (रू0 एक सौ मात्र) के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर **02 दिन के भीतर अनुबन्ध** करना आवश्यक होगा, जिसकी विषयवस्तु से यथासमय अवगत करा दिया जायेगा।

17. उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के स्वागत हेतु ताजे फूलों की सुन्दर मोटी फूल माला, जिसकी **लम्बाई–30 फीट व व्यास आधा (1/2) फीट** हो और इसके अतिरिक्त गेन्दे की फूल की 50 छोटी मालाऐं व 15 (पन्द्रह) बुके भी प्रत्येक दशा में दिनांक 14–11–2026 को प्रातः 07:00 बजे तक अनिवार्य रूप से मंच पर मेला समिति को उपलब्ध कराना होगा।

18. मुख्य मंच हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त 05 सोफे (डबल सीटर) एवं ग्लास–टॉप युक्त 05 सेन्टर टेबिलें। मेला अवधि हेतु उपलब्ध कराने होगें।

19. पाण्डाल/दर्शक दीर्घा में विशिष्ट अतिथि अति विशिष्ट अतिथियों के बैठने हेतु उनकी गरिमा के अनुरूप तीन पंक्तियों में कुल 50 सोफा सैट (02 सीटर) एवं तद्नुसार 06 सेन्टर टेबिलें भी उपलब्ध करानी होगी।

20. दर्शक दीर्घा में दर्शकों को बैठने हेतु प्लास्टिक की 1500 कुर्सियां उपलब्ध करानी होगी।

21. मंच/स्टेज पर तथा दर्शकदीर्घा/पाण्डाल के अन्दर नई मैंटिंग बिछाते हुए पूरी तरह से मैंटिंग कार्य करना होगा।

22. पाण्डाल के अन्दर दर्शक दीर्घा व ग्रीन रूम/चेंन्जिंग रूम, में समुचित व सुसज्जित प्रकाश व्यवस्था/लाईटिंग कार्य करना होगा।

23. मंच एवं पाण्डाल के अन्तर्गत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी जिस हेतु 64 केवी0 के 02 जनरेटर भी उपलब्ध कराने होगें। जिनके लिए आवश्यकतानुसार ईधन की समुचित व्यवस्था भी निविदादाता द्वारा स्वंय करनी होगी। स्टेज/पाण्डाल व मेला परिसर में एल0ई0डी0 स्क्रीनों/साउण्ड सिस्टमों व स्टेज लाईटिग व्यवस्था हेतु भी जेनेरेटर से विद्युत संयोजन उपलब्ध कराना होगा।

24. ***कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु लाईट व साउण्ड इंजीनियर टीम तथा वीडियोग्राफी/कोरियोग्राफी टीम से समन्वय करते हुऐ स्टेज/पाण्डाल व मेला परिसर में स्थापित एल0ई0डी0 स्क्रीनों का डिस्पले/संचालन करवाना सुनिश्चित करेंगें।***

25. रंगमंच एवं स्टेज के चारों ओर मजबूत डबल बेरिकेंटिग करनी होगी एवं मंच को पीछे की ओर से भी पूर्णतः कबर करते हुए बैरिकैंटिग किया जाना होगा।

26. मंच को पीछे की ओर से अनाधिकृत प्रवेश को रोकने हेतु भी टीन की चादरों व पाईपों से मजबूत बैरिकेटिंग करनी होगी।

27. मंच के पीछे कलाकारों के उपयोगार्थ गरिमा के अनुरूप माप–25×25 फीट के 02 ग्रीन रूम (चैंजिंग रूम) तैयार करना होगा।

28. मेले में पधारने वाले अति विशिष्ट महानुभावों के कार्यक्रम हेतु प्रोटोकॉल व नियमानुसार सेफ हॉउस भी तैयार करना होगा।

29. स्टेज व पाण्डाल के चारों तरफ मजबूत बैरिकैंटिग करना होगा।

30. निविदादाता का स्वयं के द्वारा अपने सम्पूर्ण उपक्रम (मंच पाण्डाल, लाईटिंग, साउण्ड इत्यादि) का इन्श्योरेन्स धनराशि रू0 50,00,000.00 (पचास लाख रूपये मात्र) भी कराया जाना अनिवार्य होगा।

31. मेले के दौरान मुख्य अतिथियों के आगमन एवं समय–समय पर अतिथियों के आगमन, गोष्ठी एवं समापन के अवसर पर उच्च गुणवत्ता वाले सोफे, सेन्टर टेबन्स, सफेद तौलिये, गुलदस्ते आदि की व्यवस्था करनी होगी।

32. निविदादाता को वित्तीय निविदा प्रपत्र–02 पर प्रत्येक कार्य की अनिवार्य रूप से अलग–अलग दर अकिंत करते हुए निविदा धनराशि का योग अकिंत करना होगा। वित्तीय निविदा न्यूनतम योग धनराशि पर स्वीकृत की जायेगी।

33. मेला समाप्ति के उपरान्त दो दिन अन्दर दिनांक 22.11.2026 को सांय 05:00 बजे तक प्रत्येक दशा में निविदादाता को मेला मैदान से स्टेज/पाण्डाल व अन्य सामग्री को हटा कर मेला मैदान खाली करना होगा, अन्यथा कि दशा में मेला समिति द्वारा अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

34. मेलाधिकारी/मेला समिति के द्वारा समय–समय पर सौपे गये अन्य कार्य भी करने होंगे।

दिनांक– 12, अक्टूबर 2026
स्थान– कर्णप्रयाग।

(अलकेश नौडियाल)
मेलाधिकारी/उप जिलाधिकारी
कर्णप्रयाग

उप जिलाधिकारी
मेलाधिकारी
कौथर कर्णप्रयाग

प्रारूप–01 (तकनीकी निविदा प्रपत्र)

निविदा फार्म संख्या...../दिनांक.....

निविदा फार्म शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार रूपये मात्र)

राज्य स्तरीय 74–वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2026 में मेला मैदान में स्टेज/मंच निर्माण, तथा फर्नीचर, मैंटिंग व तत्सम्बन्धी साज–सज्जा इत्यादि कार्य हेतु तकनीकी निविदा प्रपत्र का प्रारूप

श्रीमान,

उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/
मेलाधिकारी गौचर मेला।

नवीनतम फोटो

1. निविदादाता/फर्म का नाम –.....
2. स्थाई पता–.....
3. पत्राचार का पता–.....
   पिन कोड नम्बर.....फोन/मोबाईल नम्बर.....
4. जी0एस0टी0 नम्बर.....पैन कार्ड नम्बर.....(छाया प्रति संलग्न करे)
5. जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी द्वारा निर्गत वैध/नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र संख्या..... दिनांक .....(स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)
6. विगत तीन वित्तीय वर्षो (2023–24, 2024–25, 2025–26) का आयकर विवरणी जो आयकर विभाग में जमा हो। (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)
7. विगत तीन वर्षों (2023–24, 2024–25, 2025–26) का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (छायाप्रतियां संलग्न करें)।
8. धरोहर राशि का एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंकों एफ.डी.आर. या ड़िमाण्ड़ ड्राफ्ट (ड़ी.डी.) संख्या अथवा ड़ाकघर पासबुक संख्या.....दिनांक.....रू0 .....

हस्ताक्षर निविदादाता

घोषणा पत्र

मेरे द्वारा आवेदन फॉर्म/निविदा प्रपत्र के साथ निविदा की सभी शर्तो की सूची प्राप्त कर ली गई है और उसे मेरे द्वारा भली भांति पढ़ लिया गया है। मैं सभी कार्यो एवं शर्तो का पूर्ण रूप से पालन करूंगा और निविदा में अंकित सभी कार्य निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण करूंगा। यदि मेरे द्वारा निविदा में अंकित कार्य निर्धारित शर्तो के अनुसार पूर्ण नहीं किया जाता है या उसमें किसी प्रकार की कोई अनियमितता पायी जाती है तो मेला समिति मेरी धरोहर राशि एवं कार्यपूर्ति प्रतिभूति राशि को जब्त कर मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही कर सकती है तथा उक्त कार्य किसी अन्य व्यक्ति/फर्म से करा सकती है, जिसमे मुझे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांकः 12 ,अक्टूबर, 2026

हस्ताक्षर निविदादाता

प्रारूपः–02 (वित्तीय निविदा प्रपत्र)

निविदा फार्म संख्या...../दिनांक.....

निविदा फार्म शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार रूपये मात्र)

राज्य स्तरीय 74–वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2026 में मेला मैदान में स्टेज/मंच निर्माण, तथा फर्नीचर, मैंटिंग व तत्सम्बन्धी साज–सज्जा इत्यादि कार्य हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र का प्रारूप

1. क्रमांक.....
2. दिनांक.....
3. निविदादाता/फर्म का नाम.....
4. निविदादाता/ फर्म का स्थाई पता.....
5. निविदादाता/फर्म का पत्राचार का पता.....
6. निविदादाता/फर्म का दूरभाष/मोबाइल न0 .....
7. निविदादाता/फर्म का ई–मेल पता.....

क्र. सं.	कार्य का विवरण	निविदा की दरें जी. एस.टी.सहित रूपये (अंकों में)	निविदा की दरें जी.एस.टी. सहित रूपये (शब्दों में)
1	मेला मैदान में निर्धारित स्थल पर जर्मन हैंगर (माप–60×30 मीटर) स्थापित किया जाना।		
2	मुख्य मंच/स्टेज पर 04 फीट के प्लेटफॉर्म सहित P4 विशिष्टता वाली L.E.D. Screen (माप–40×14 फीट) लगाया जाना है, उक्त L.E.D Screen के दोनों तरफ P4 विशिष्टता वाले L.E.D. Side Wings माप–14×02 फीट। स्वीकृत डिजाईन के 02 फ्लेक्स स्टैण्ड/फ्रेम सहित (माप–15×15 फीट)।		
3	High Quality Matte finish Black Masking at Back side of L.E.D. Wall/L.E.D. wings covering fully backside of hanger.		
4	Complete Stage एवं पाण्डाल का Decoration मेला समिति द्वारा प्रदत निर्देशों/स्वीकृत थीम/डिजायन के अनुरूप।		
5	मुख्य मंच तथा पांडाल के अन्दर पूर्णतः नयी मैंटिंग बिछाया जाना।		
6	मुख्य मंच हेतु उच्च गुणवत्ता वाली लाल गद्दीदार प्लाटिक की 25 कुर्सियां एवं ग्लास–टॉप युक्त 05 सेन्टर टेबिलें।		
7	पांडाल में वी0आई0पी0 दर्शक–दीर्घा हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त 50 सोफे (टू–सीटर) एवं 06 सेन्टर टेबिलें।		
8	दर्शक–दीर्घा हेतु प्लास्टिक की 1500 कुर्सियां।		
9	मंच के पीछे कलाकारों के लिये गरिमा के अनुरूप 02 ग्रीन रूम/चेंन्जिंग रूम (माप–25×25 फीट) तैयार करना।		
10	मंच/स्टेज/पाण्डाल व साउण्ड सिस्टमों/लाईटिंग सिस्टमों इत्यादि हेतु विद्युत आपूर्ति हेतु 64–के0वी0 के 02 (दो) जनरेटर ईंधन सहित।		
11	पाण्डाल के बाहर दोनों तरफ के लिऐ कुल 02 P4 विशिष्टता वाले L.E.D. Screen (माप–16×10 फीट)।		
12	उदघाटन सत्र में स्वागत हेतु ताजे फूलों की सुन्दर मोटी फूल माला जिसकी **लम्बाई–30 फीट व व्यास आधा (1/2) फीट** हो और इसके अतिरिक्त गेन्दे की फूल की 50 छोटी मालाऐं एवं ताजा फूलों के 15 बुके।		
13	स्टेज व पाण्डाल के चारों तरफ मजबूत बैरिकैंटिग कार्य व अन्य समस्त कार्य जो कि निविदा की शर्तों में उल्लेखित हैं।		
कुल योग (अंकों में–			
कुल योग (शब्दों में) –			

फर्म की मोहर–

हस्ताक्षर–

हस्ताक्षर करने वाले का पूरा नाम –

पूरा पता व दूरभाष/मो0न0–